HARI BHOOMI , ND 28-06-2023

प्रीमियम खंड में 48 प्रतिशत का उछाल

शराब की बिक्री बीते वित्त वर्ष में 14 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री मात्रा के लिहाज से 14 प्रतिशत बढ़कर 38.5 करोड़ पेटी तक पहुंच गई। उद्योग संगठन सीआईएबीसी के मुताबिक इस दौरान 1000 रुपये प्रति 750 मिली से अधिक कीमत वाली प्रीमियम खंड की शराब की बिक्री 48 प्रतिशत बढ़ी। बिक्री का आंकड़ा वित्त वर्ष 2019-20 में कोविड महामारी से पहले के स्तर की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। इससे पता चलता है कि उद्योग पर कोविड का असर पूरी तरह से खत्म हो गया है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनीज (सीआईएबीसी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में उद्योग में आठ प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत में सबसे अधिक व्हिस्की बिक्री

इसके साथ कुल बिक्री करीब 42 करोड़ पेटी तक पहुंच सकती है। एक पेटी में नौ लीटर शराब होती है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में बिकने वाली शराब में व्हिस्की अव्वल है और कुल बिक्री में इसकी 63 प्रतिशत हिस्सेदारी है।